सत्य जो कभी नहीं बदलता

सब्त का पालन

और चौथी आज्ञा

"तू विश्रामदिन को पवित्र मानने के लिये स्मरण रखना।"

परिचय

यह छोटा निबंध गैर-एडवेंटिस्ट लोगों द्वारा सब्त के विषय में मुझसे पूछे गए सवालों के जवाब देने का एक प्रयास है। सवाल अनेक हैं। इस बार मैं उनमें से केवल एक को संबोधित कर रहा हूँ, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण सवाल है। यदि आप एक एडवेंटिस्ट हैं, तो आप इसे दूसरों से बात्-चीत करने में उपयोगी पा सकते हैं जो एक अलग विश्वास के हो सकते हैं।

जॉर्ज रॉस

क्या सब्त का पालन करना एक उद्धार की आवश्यकता है?

एक गैर एडवेंटिस्ट का प्रश्न

एडवेंटिस्ट मानते हैं कि पुराना नियम दो अलग प्रकार की व्यवस्थाएं देता है, अर्थात् दस आज्ञाएँ (परमेश्वर की व्यवस्था या नैतिक व्यवस्था) और विधि व्यवस्था (मूसा की व्यवस्था)

यह नए नियम की आवश्यकता के रूप में, सब्त के पालन को (जैसा कि दस आज्ञाओं द्वारा आवश्यक है) बनाए रखने का एक प्रयास है और इस प्रकार उद्धार की एक आवश्यकता है।

बाइबल कहती है कि सारी व्यवस्था मसीह में पूरी होती है और व्यवस्था बचा नहीं सकती। कृपया क्या आप पुराने या नए नियम में एक पाठ बता सकते हैं जो दो प्रकार की व्यवस्थाओं का हवाला देता है?

बाइबल की व्याख्या कैसे करें

बाइबल की व्याख्या करने का तरीका स्वयं बाइबल का उपयोग करना है। "वचन", दूसरे शब्दों में "बाइबल", सत्य को समझने का एकमात्र तरीका है, जो कि पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित है।

यह निबंध सब्त के विषय में बाइबल के कुछ तथ्यों को समझाता है। ये ऐसे तथ्य हैं जिन्हें अक्सर कई अच्छे लोग अनदेखा कर देते हैं।

ऍडवेंटिस्ट कलीसिया यह नहीं मानती है कि सब्त पालन उद्धार पाने का एक तरीका है। किसी भी बाइबल विश्वासी की तरह, हम मानते हैं कि उद्धार पाने का केवल एक ही तरीका है और वह है हमारे उद्धारकर्ता के रूप में यीशु मसीह पर विश्वास करना और उसे स्वीकार करना।

उद्धार अर्जित नहीं किया जा सकता। मुझे यकीन है कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण और मूलभूत मामले में कोई आपको गुमराह नहीं करेगा



वास्तव में पुराने नियम में दो से अधिक भिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं हैं!

आपने दो **नैतिक** और **विधि** व्यवस्थाओं का उल्लेख किया है

इसके अलावा **नागरिक** और **स्वास्थ्य** व्यवस्थाएं भी हैं

पढ़ें व्यवस्थाविवरण 31 पद्य 24 से 271 यह पाठ दस आज्ञाओं से भिन्न व्यवस्था का वर्णन करता है, जो सन्दूक के बाहर है।

फिर पढ़ें व्यवस्थाविवरण 10 पद्य 1 और 2 । ये उन दस आज्ञाओं का वर्णन करते हैं जो सन्दूक के अंदर हैं।



सब्त के विषय में आप जो कह रहे हैं, उसके बारे में **थोड़ा सोचें**। अगर व्यवस्था नहीं है तो हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। यदि हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो हमें अनुग्रह की आवश्यकता क्यों होगी?

अनुग्रह का स्वाभाविक अर्थ है कि हमने गलत किया है और इसलिए हमें अनुग्रह की आवश्यकता है। अगर करने को कुछ गलत नहीं है तो हम गलत कैसे कर सकते हैं? यह व्यवस्था ही है जो निर्धारित करती है कि क्या गलत है।

ऐसा कोई तर्क नहीं है कि नया नियम पुराने नियम में विश्वास नहीं करता है। यीशु स्वयं पुराने नियम में विश्वास करता है और उसने इसे कई बार उद्धृत किया है।

लूका का सुसमाचार इसे और भी स्पष्ट करता है। "आकाश और पृथ्वी का टल जाना व्यवस्था के एक बिन्दु के मिट जाने से सहज है।" लूका 16:17

"इसलिये इस्राएल की संतान विश्रामदिन को माना करें, वरन् पीढ़ी पीढ़ी में उसको सदा की वाचा का विषय जानकर माना करें।" निर्गमन 31:16

नए नियम में इस्राएल की संतान कौन हैं?

गलातियों 6:16; "जितने इस नियम पर चलेंगे उन पर, और परमेश्वर के इस्राएल पर शान्ति और दया होती रहे।"
(ध्यान दें: गलातियों की पुस्तक केवल यहूदियों को ही संबोधित नहीं है। विश्वास करने वाले अन्यजातियों को परमेश्वर का इस्राएल कहा जाता है)
गलातियों 4:28 "हे भाइयो, हम इसहाक के समान प्रतिज्ञा की सन्तान हैं।"

मत्ती 5:19: "इसलिये जो कोई इन छोटी से छोटी आज्ञाओं में से किसी एक को तोड़े, और वैसा ही लोगों को सिखाए, वह स्वर्ग के राज्य में सबसे छोटा कहलाएगा।"

मत्ती 5:18: "क्योंकि मैं तुम से सच कहता हूँ, कि जब तक आकाश और पृथ्वी टल न जाएँ, तब तक व्यवस्था से एक मात्रा या एक बिन्दु भी बिना पूरा हुए नहीं टलेगा।"

गलातियों 3:26-29: "क्योंकि तुम सब उस विश्वास के द्वारा जो मसीह यीशु पर है, परमेश्वर की सन्तान हो। और तुम में से जितनों ने मसीह में बपतिस्मा लिया है उन्होंने मसीह को पहिन लिया है। अब न कोई यहूदी रहा और न यूनानी, न कोई दास न स्वतंत्र, न कोई नर न नारी, क्योंकि तुम सब मसीह यीशु में एक हो। और यदि तुम मसीह के हो तो अब्राहम के वंश और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस भी हो।"

"इसलिये व्यवस्था पवित्र है, और आज्ञा भी ठीक और अच्छी है।" रोमियों 7:12

भजन 119

पद्य ५: "भला होता कि तेरी विधियों को मानने के लिये मेरी चालचलन दृढ़ हो जाए!"

पद ६: "तब मैं तेरी सब आज्ञाओं की ओर चित्त लगाए रहूँगा, और मेरी आशा न टूटेगी।"

पद ७: "जब मैं तेरे धर्ममय नियमों को सीखूँगा, तब तेरा धन्यवाद सीधे मन से करूँगा।"

व्यवस्था की पुस्तक और उनके परमेश्वर यहोवा की व्यवस्था के रूप में किया गया है।





किसी विशिष्ट कानून को लागू करने के लिए, "व्यस्था" शब्द का उपयोग दैनिक रूप से किया जाता है।

यदि आप पार्किंग अपराध के लिए अदालत जाते हैं तो आपने एक विशिष्ट कानून तोड़ा होगा। फिर भी अदालत हत्या करने वाले व्यक्ति के समान कानून लागू नहीं करेगी।

इसका मतलब यह नहीं है कि एक दुराचार एक अपराध के समान है, भले ही एक ही शब्द "कानून" का प्रयोग किया जाए।



यह संभव नहीं है और निश्चित रूप से शास्त्र सम्मत नहीं है कि शास्त्रों को हमारी

अपनी राय के अनुरूप रद्द या संशोधित किया जाए

यदि व्यवस्था मान्य नहीं है, तो हम दोषी नहीं हैं, और यदि हम दोषी नहीं हैं, तो हमें क्षमा और अनुग्रह की आवश्यकता क्यों है?

व्यवस्था, क्षमा और अनुग्रह एकीकृत अवधारणाएँ हैं।

अगर हम गलत काम नहीं करते हैं तो **अनुग्रह** की पूरी अवधारणा मौजूद नहीं रह सकती। उस अवस्था में, अनुग्रह के बारे में सभी पाठों को रद्द करने की जरूरत है।

इसी तरह, अगर कोई गलत काम नहीं है तो **क्षमा** की अवधारणा मौजूद नहीं रह सकती।

जब आप ऐसा कर चुकेंगे तो बाइबल में क्या बचेगा?

सुनिश्चित करें कि आपकी बाइबल परमेश्वर का वचन है!

हवाले के लिए आप जिस बाइबल का उपयोग करते हैं, उससे सावधान रहें। कुछ बाइबल भेस में भ्रष्ट एलेक्जेंड्रियन और रोमन कैथोलिक संस्करण हैं। कई आधुनिक बाइबल सैकड़ों स्थानों पर एलेक्जेंड्रिया के पद्यों का, गलत शब्दों का, वाक्यांशों, यहां तक कि छंदों का उपयोग करती हैं। यदि आधुनिक संस्करणों ने आपको परमेश्वर के वचनों पर संदेह करने के लिए प्रेरित किया है, तो बाइबल जिसका अंग्रेजी बाइबल किंग जेम्स संस्कर्ण से अनुवाद किया गया है उस पर आप भरोसा कर सकते हैं!

King James Version.

आइए हम बहुत स्पष्ट हों:

हम परमेश्वर के अनुग्रह और उसकी धार्मिकता के द्वारा बचाए गए हैं, हमारे अपने कार्यों से नहीं।

लेकिन हम जैसे जीते हैं यह यीशु के साथ हमारे संबंध का परिणाम है।

यूहन्ना 14:15 "यदि तुम मुझ से प्रेम रखते हो, तो मेरी आज्ञाओं को मानो।"

सी एच स्पर्जन, प्रसिद्ध बैपटिस्ट उपदेशक, सब्त के पालन के समर्थन के लिए जाने जाते थे

आपकी रुचि हो सकती है यह जानने के लिए कि सभी मुख्य धारा की प्रोटेस्टेंट कलीसियाएं समझती हैं और स्वीकार करती हैं कि दोनों नैतिक और विधि व्यवस्थाएं हैं। इसके अलावा, दस आज्ञाओं की स्वीकृति अटूट है, क्योंकि वे "परमेश्वर की उंगली से" लिखी गई थीं।

सम्पर्क विवरण:

पास्टर वी.पी सिंह

+91 88263 53456

'vpsingh.sda@gmail.com'

दुनिया भर के लिए सेलफोन प्रचार, बाइबिल अध्ययन और उपदेश

TRACT © GEORGE ROSS